<u>मूल हिंदी में</u>

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1172
28.06.2019 को उत्तर के लिए

पर्यावरणीय कार्य बल

1172. श्री कनकमल कटाराः

क्या पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में पर्यावरण की रक्षा में लगी पर्यावरणीय कार्य बल बटालियनों की तैनाती का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार उक्त बटालियनों की क्षमता के साथ-साथ कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए नई प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग हेतु किसी योजना पर कार्य कर रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार भविष्य में राज्य एजेंसियों के समन्वय में बटालियनों की संख्या बढ़ाने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) : वर्तमान में देश के विभिन्न स्थानों में दस पर्यावरणीय कार्य बल (ईटीएफ) बटालियन पर्यावरणीय संरक्षण के कार्य में तैनात की गईं हैं जिनमें से छह ईटीएफ बटालियनों की स्थापना की लागत को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। इन बटालियनों की तैनाती का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख) और (ग) : ईटीएफ बटालियनों द्वारा अपने कार्य में ड्रिप और स्प्रिंक्लर सिंचाई, रूट ट्रेनर प्रौद्योगिकी, प्रो-ट्रे प्रौद्योगिकी, जैविक और कीट-नाशक कंपोस्टिंग, मिस्ट चैम्बर, ग्रीन एवं पोली हाउस आदि जैसी नई प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके ईटीएफ की क्षमता और कार्य की गुणवत्ता में वृद्धि करने हेतु अनेक प्रभावकारी उपाय किए गए हैं।

(घ) और (ड.) : रक्षा मंत्रालय ईटीएफ बटालियन की स्थापना पर तब विचार करता है जब संबंधित प्राधिकरण अर्थात् राज्य सरकार अथवा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय आदि प्रस्तावित ईटीएफ बटालियन के संबंध में संपूर्ण व्यय का वहन करने की सुदृढ़ प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। राज्य सरकारों को वन विभाग के तकनीकी सहयोग से अपनी निधि से ईटीएफ बटालियन की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया गया है और परामर्श दिया गया है, जैसा कि दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में किया गया है।

****

अनुबंध

'पर्यावरणीय कार्य बल' के संबंध में श्री कनकमल कटारा द्वारा दिनांक 28.06.2019 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1172 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पर्यावरणीय कार्य बल बटालियनों की राज्य-वार तैनातियों का ब्यौरा

क्रम सं.	यूनिट का नाम	स्थान
1.	127 इन्फेंटरी बटालियन (टीए) इको गढ़वाल राईफल	देहरादून (उत्तराखंड)
2.	128 इन्फेंटरी बटालियन (टीए) इको राजस्थान राईफल	जैसलमेर (राजस्थान)
3.	129 इन्फेंटरी बटालियन (टीए) इको जेएकेएलआई	सांबा (जम्मू और कश्मीर)
4.	130 इन्फेंटरी बटालियन (टीए) इको कुमाऊं	पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)
5.	132 इन्फेंटरी बटालियन (टीए) इको राजपुर	भाटी माइंस (दिल्ली)
6.	133 इन्फेंटरी बटालियन (टीए) इको डोगरा	कुफरी (हिमाचल प्रदेश)
7.	134 इन्फेंटरी बटालियन (टीए) इको असम	तेजपुर (असम)
8.	135 इन्फेंटरी बटालियन (टीए) इको असम	कोकराझार (असम)
9.	136 इन्फेंटरी बटालियन (टीए) इको महार	औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
10.	137 सीईटीएफ बटालियन (टीए) 39 जीआर	प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)